
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# अब तक कोई ठोस निर्णय न लिये जाने से मायूस है ग्रामीण

मांग — कई साल से डीडीहाट को जिला बनने की मांग कर रहे है सीमांत डीडीहाटवासी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। साल 1962 से डीडीहाट क्षेत्रवासी डीडीहाट को जिला बनाये जाने की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे है। आलम यह है कि चव्वन साल से डीडीहाट को जिला बनाने की मांग को लेकर आंदोलन कर चुके क्षेत्रवासी अपने को ठगा सा महसूस कर रहे है। डीडीहाट को अलग जिला बनाने की मांग को लेकर अब तक सत्ता में लीन राजनीतिक दलों ने डीडीहाट क्षेत्रवासियों को गुमराह करने का काम किया है। जिला गठन की मांग को लेकर अब सीमांत के क्षेत्रवासी अब आर पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर हो चुके है।

बता दें कि सीएम धामी व कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल के गृह क्षेत्र का मामला होने के बावजूद अब क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि हर हाल में इस बार डीडीहाट को जिला का दर्जा दिलाकर रहेगे।



वही जिला गठन को लेकर क्षेत्र के लोग अब क्षेत्र के युवा वर्ग व बुर्जुगों को लेकर अब नये सिरे से आंदोलन कर प्रदेश सरकार तक अपनी आवाज बुलंद करने को पूरी तरह से तैयार कर रहे है।

क्षेत्रवासियों ने कहा है कि डीडीहाट को जिला बनाने की मांग अब तेज कर दी गई है। वही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सत्ता में काबिज होने के बाद क्षेत्र के लोगों में एक आस जगी है कि जिले गठन को लेकर सरकार के मुखिया के द्वारा क्षेत्र के लोगों के हित में अब फैसला लेना ही पड़ेगा।

वही जिला गठन को लेकर संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने अब कमर कसनी शुरू कर दी है। वही संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने अब इस मामले को लेकर सूबे से एक शिष्टमंडल को सीएम से मुलाकात करने के लिए देहरादून भेजे जाने का निर्णय लिया है। डीडीहाट जिले की मांग को लेकर क्षेत्र के सामाजिक संगठन लंबे से कई बार आंदोलन कर चुके है। अब तक क्षेत्रवासियों के हाथ निराशा ही हाथ लगी।

अब राज्य की कमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथ आने के बाद एक बार फिर से क्षेत्र के लोग डीडीहाट को जिले बनाने की मांग को लेकर खासा उम्मीद बांध रहे है। क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि इस बार तो उनकी उम्मीद कम से कम हर हाल में पूरी हो सकेगी। डीडीहाट जिला बन जाने के बाद क्षेत्र में कुछ न कुछ विकास की उम्मीद तो बढ़ेगी।

## न्यूज डायरी

### दूचाणू–किराणू वैकल्पिक पुल बाढ की भेंट चढ़ा

**संवाददाता** पुरोला। विकासखंड मोरी के बंगाण क्षेत्र में लगातार तिन दिनो से हो रही तेज बारिश से जगह–जगह भारी भू। दंसाव हो गया है। दूचाणू–किराणू मोटर मार्ग पर वना वैकल्पिक पुल भी बाढ की भेंट चढ गया। इस संबद में सामाजिक कार्यकर्ता मनमोहन चौहान ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर क्षेत्र में हुए नुकसान का आंकलन कर आवा–जाही सुचारु करने की मांग की है। ज्ञापन में यह बताया गया है कि बंगाण क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व आई आपदा के समय क्षेत्र के कई पुल, सड़के, अश्वमार्ग,सम्पर्क मार्ग, पेयजल योजनाएं,कास्तकारो के सेब बाग बाढ की भेंट चढ़ गए थे। गत दिवस खांटू खड्ड पर दुचाणू,किराणू मोटर मार्ग पर बने वैकल्पिक पुल भी बाढ़ की भेंट चढ़ गया है।

### हरियाणा में उत्तराखंड के सेल्समैन की लाठी–डंडों से पीटकर हत्या

**संवाददाता** देहरादून। जनपदा सोनीपत के कस्बे गोहाना में अपराधिक घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला गोहाना के गांव ज्वारा का है। यहां पर देर रात अज्ञात बदमाश शराब ठेके पर लूट करने के बाद सेल्समैन की हत्या करके फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक अज्ञात बदमाश छत को उखाड़ कर ठेके के अंदर घुसे और लूट करने बाद सेल्समैन की बोतल और डंडों से पीट–पीटकर हत्या कर दी। शराब ठेकेदार ने बताया कि कृष्ण जोशी नाम का सेल्समैन लगातार तीन साल से जवारा में शराब बेचने का काम करता था। देर रात अज्ञात बदमाशों ने सेल्समैन की हत्या कर दी।

### नये महिंद्रा सुप्रो प्रॉफिट ट्रक ने ग्राहकों की उच्च समृद्धि का वचन दिया

**संवाददाता** देहरादून। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, जो भारत के टॉप वाणिज्यिक वाहन निर्माताओं में से एक है और जो 3–व्हीलर्स से 55 टन एचसीवी ट्रक्स के उत्पादों एवं समाधानों का विस्तृरतम रेंज उपलब्ध कराता है, ने अपने हाल ही में लॉन्च किये गये सुप्रो प्रॉफिट के छोटे वाणिज्यिक वाहनों के लिए विशिष्ट मूल्य प्रस्ताव की आज घोषणा की। स्वतंत्र प्रमाणन पर आधारित इस ट्रक ने यह साबित कर दिया है कि सुप्रो प्रॉफिट ट्रक के ग्राहक गारंटीशुदा अधिक माइलेज और पेलोड के दम पर 25–36 प्रतिशत अधिक परिचालन लाभ अर्जित कर सकते हैं। इस अत्याकर्षक प्रोडक्ट रेंज और पेशकश के लिए, महिंद्रा ने विख्यात कलाकार एवं प्रोड्यूसर अजय देवगन को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है, जो डिजिटल एवं परंपरागत माध्यामों के जरिए इसकी पहुंच और अधिक बढ़ाने के लिए ब्रांड का साथ देंगे।

## उत्तराखंड बोर्डः 31 जुलाई को आएंगे 10वीं, 12वीं के रिजल्ट

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड बोर्ड के कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों का इंतजार जल्द खत्म होने जा रहा है। शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे की ओर से कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा की तिथि का ऐलान कर दिया गया है। आगामी 31 जुलाई को सुबह 11 बजे शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित करेंगे।

गौरतलब है कि शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे की ओर से इस संबंध में उत्तराखंड बोर्ड रामनगर के अधिकारियों को परीक्षा परिणाम जारी करने के मद्देनजर तैयारियां पूरी करने के दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कोरोना काल में ऐसा पहली बार होने जा रहा है। जब 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन पिछली कक्षा के परिणाम के आधार पर किया जा रहा है। कक्षा 10वीं के छात्रों का परीक्षा परिणाम कक्षा 9वीं के परीक्षा परिणाम और 10वीं के इंटरनल एग्जाम के आधार पर तैयार किया गया है। इसके तहत कक्षा 9 के 75 प्रतिशत मार्क्स को आधार बनाया जा रहा है। वहीं, 10वीं के इंटरनल परीक्षाओं का भी 25 प्रतिशत अंक परीक्षाफल में जोड़े जाएंगे। कक्षा 12वीं के छात्रों का परीक्षा परिणाम कक्षा 10वीं और 11वीं के परीक्षा परिणाम के आधार पर तैयार किया गया है। इसके तहत 10वीं के परीक्षा परिणाम से 50 प्रतिशत अंक जोड़े जा रहे हैं। वहीं 11वीं की परीक्षा से 40 प्रतिशत अंकों के साथ ही 12वीं के इंटरनल परीक्षा के 10 प्रतिशत अंक भी परीक्षा फल में जोड़े जा रहे हैं।



### सीएम ने बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन बी.एल संतोष, प्रदेश पार्टी प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम एवं सह प्रभारी श्रीमती रेखा वर्मा ने शिष्टाचार भेंट की।

## केदारनाथ हाईवे पर जगह–जगह भूस्खलन, जनजीवन अस्त–व्यस्त

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। वहीं केदारनाथ हाईवे की पहाड़ियां बरसात में जगह–जगह दरक रही हैं। इस कारण केदारघाटी की जनता को भारी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। गुरूवार सुबह से केदारनाथ हाईवे के रुद्रप्रयाग तहसील, रामपुर, शेरसी, फाटा सहित अन्य स्थानों पर भूस्खलन हो रहा था जिस कारण राजमार्ग बंद पड़ा है। बरसाती सीजन में पहाड़ के लोगों का जीवन कई मुसीबतों से घिर जाता है। दिक्कतें तब अधिक बढ़ जाती हैं, जब जगह–जगह भूस्खलन होने से आवाजाही ठप पड़ जाती है और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति ठप हो जाती है। इन दिनों रुद्रप्रयाग जनपद की केदारघाटी में भी यही स्थिति बनी हुई है। केदारघाटी के दर्जनों गांवों की लाइफ लाइन केदारनाथ हाईवे इन दिनों बरसात के कारण जगह–जगह बंद हो रहा है। इस कारण केदारघाटी के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे बंद होने से चोपता, तुंगनाथ पहुंचने वाले पर्यटकों को भी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। केदारनाथ हाईवे इन दिनों रुद्रप्रयाग तहसील, रामपुर, बांसबाड़ा, शेरसी, फाटा, सोनप्रयाग, गौरीकुंड सहित अन्य स्थानों पर बंद हो रहा है।



जगह–जगह जेसीबी मशीनें तैनात की गई हैं, लेकिन लगातार भूस्खलन होने से हाईवे को खोलने में दिक्कतें हो रही हैं। जगह–जगह जाम लगने से केदारघाटी के लोगों की आवाजाही पूरी तरह से ठप पड़ रही है।

### हनी ट्रैप में फंसे कांग्रेसी नेता हरीश रावत

**संवाददाता** हल्द्वानी। देश में लगातार साइबर क्राइम और हनी ट्रैप के मामले बढ़ते जा रहे हैं। ऐसा ही मामला हल्द्वानी में सामने आया है। यहां साइबर ठगों ने कांग्रेस युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता को हनी ट्रैप का शिकार बनाया है। अब कांग्रेस नेता ने पूरे मामले में कांग्रेस नेताओं के साथ एसपी सिटी को ज्ञापन देकर जांच की मांग की है। कांग्रेस प्रवक्ता का कहना है कि हनी ट्रैप के माध्यम से उसका फोटो व वीडियो एडिट कर 50 हजार रुपये की डिमांड की गई है। हल्द्वानी के रहने वाले कांग्रेस युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता हरीश रावत ने एसपी सिटी से मुलाकात कर बताया कि कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई। इस दौरान एक महिला आपत्तिजनक स्थिति में थी। जिसके बाद उन्होंने तुरंत व्हाट्सएप कॉल काट दिया। थोड़ी देर बाद उनके व्हाट्सएप पर उनका एक अश्लील फोटो एडिट कर भेजा गया। बाद में उनसे 50 हजार की डिमांड की गई।